पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

# चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास, धैर्य और निरन्तर सीखने की भावना से किया जाना चाहिएः प्रमुख सचिव

लखनऊ, 10 अक्टूबर 2025

उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम और सेवायोजन विभाग और फेयर स्ट्रीट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने संयुक्त रूप से बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज (बीआईएएचएस), लखनऊ में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में जर्मन भाषा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्हें जर्मन कंपनियों से नौकरी के प्रस्ताव मिले थे।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव, श्रम और सेवायोजन विभाग, उत्तर प्रदेश डॉ. एम. के. शन्मुगा सुंदरम, ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास, धैर्य और निरन्तर सीखने की भावना से किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि जर्मन भाषा का ज्ञान युवाओं के लिए नए अवसर खोलता है। जापान और इजराइल जैसे देशों में भारतीय कुशल युवाओं की बढ़ती मांग पर चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि हमारे राज्य के युवा विदेशों में अपनी मेहनत और कौशल के बल पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे है और अपने परिवार का जीवन स्तर उॅचा उठा रहे है।

कुणाल सिल्कू, विशेष सचिव, श्रम विभाग, उत्तर प्रदेश ने कहा कि फेयर स्ट्रीट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड न केवल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, बल्कि छात्रों को नए वातावरण, संस्कृति और कार्य नैतिकता के लिए भी तैयार कर रहा है, ताकि वह भारत की कौशल और समर्पण की पहचान बन सके। उन्होन कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य जर्मन भाषा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित करना और उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना था। उन्होने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें नए अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की।

इस अवसर पर निदेशक सेवायोजन नेहा प्रकाश, अपर निदेशक सेवा योजन पी0के0 पुन्डीर, फेयर स्ट्रीट के प्रतिनिधि वत्सल बोरा, डी0के0 श्रीवास्तव, राखी नायर, कविसेलवी, मिराज अहमद लिंडा एंथोनी, शालिनी आदि उपस्थित रहे।

-----

संपर्क सूत्रः सोनी सिंह, महेंद्र कुमार, सूचना अधिकारी।,